# राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
## (राज्य नगरीय विकास अभिकरण– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, निकट यू0पी0 100, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ 226027
E-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org


पत्रांकः–7603 /241/NULM/तीन/2001(SUH)Vol-V दिनांक 04/12/ 2018

सेवा में,

1 समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला नगरीय विकास अभिकरण
उ0प्र0।

2 समस्त नगर आयुक्त/सी0पी0ओ0/परियोजना निदेशक
नगर निगम/शहर मिशन प्रबंधन इकाई, डूडा
उ0प्र0।

**विषयः–शहरी बेघरों हेतु आश्रय गृहों के बेहतर संचालन हेतु स्थानीय कालेजों को सम्बद्ध किये जाने के लिए शहरी समृद्धि उत्सव फरवरी 2019 के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदया/महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र सं0– 4812/241/NULM/तीन/2001(SUH) Vol-V दिनांक 31.10.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शहरी समृद्धि उत्सव फरवरी 2019 के आयोजन के सम्बन्ध में है।

2. शहरी समृद्धि उत्सव फरवरी 2019 पखवाड़े की शुरूआत 01 नवम्बर 2018 से करते हुए शहरी बेघरों को गतिशील कर उनको शेल्टर होम में लाने के लिए प्रत्येक शेल्टर को किसी न किसी स्थानीय कॉलेज से सम्बद्ध किये जाने हेतु भारत सरकार का पत्र संलग्न कर पत्र में उल्लिखित गतिविधियों का आयोजन कर नियमित किये जाने वाली गतिविधियों की प्रगति आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है, जो कि अद्यतन अप्राप्त है।

3. उल्लेखनीय है कि शहरी समृद्धि उत्सव फरवरी 2019 के आयोजन की प्रगति आख्या भारत सरकार द्वारा मांगी जा रही है तथा प्रगति की समीक्षा संयुक्त सचिव भारत सरकार द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से दिनांक 14.02.2018 को किया जाना प्रस्तावित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि शेल्टर होम वार स्थानीय कालेज से की गई सम्बद्धता एवं तत्क्रम आयोजित गतिविधियों की अद्यतन प्रगति आख्या फोटोग्राफ्स सहित तत्काल इस कार्यालय को ई–मेल nulmup@gmail.com के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. संयुक्त सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग/नगर विकास उ0प्र0 शासन को सूचनार्थ।
2. निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय को संलग्नकों सहित इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया वे अपने स्तर से भी निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें।
3. समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, उ0प्र0।
4. समस्त परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 को अनुपालनार्थ।
5. सहायक वेबमास्टर सूडा को वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक